Title: Need for early laying of railway line between Ujjain and Ramaganjmandi via Ghatia-Jhalwar-laid

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): मध्य प्रदेश और राजस्थान को रेलवे लाईन से जोड़ने के लिये उज्जैन से रामगंजमण्डी व्हाया घटिया, पोंसला, तनोड़िया, आगर-मालवा, सुसनेर, सोयत और झालावाड़ एक नई रेल लाईन बिछाने हेतु रेल मंत्रालय द्वारा प्रारम्भिक सर्वे कराया गया है। उक्त सर्वे कार्य का शुभारम्भ तत्कालीन रेल मंत्री ने किया था। सर्वे कार्य पूर्ण होकर प्रतिवेदन अप्रैल, 2000 से रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय के पास विचाराधीन है। सर्वे रिपोर्ट सकारात्मक है। उक्त मार्ग पर उज्जैन से आगरा तक नेरोगेज रेलवे लाईन थी जिस पर आपातकाल के अन्त तक सन् 1975-76 तक रेल का आवागमन होता था। आपातकाल के अंत में इस रेलवे लाईन को उखाड़ दिया गया था। उज्जैन से रामगंज मण्डी तक रेलवे लाईन डालना जनहित और पिछड़े क्षेत्र के विकास हेतु आवश्यक है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि अतिशीघ्र उक्त रेल लाईन का काम प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान की जायें।